दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 25 जनवरी 2020

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# कूटनीतिक राहत

नागरिकता संशोधन कानून के मुद्दे पर देश में विरोध झेल रही नरेंद्र मोदी सरकार के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की यह टिप्पणी बहुत राहतकारी हो सकती है कि यह भारत का आंतरिक मामला है। अबू धाबी की यात्रा के दौरान खाड़ी के एक समाचार पत्र को दिये इंटरव्यू में हसीना ने हालांकि इस विवादास्पद नागरिकता संशोधन कानून की जरूरत पर सवालिया निशान लगाते हुए इसे गैर जरूरी बताया, लेकिन बांग्लादेश का आधिकारिक रुख साफ करते हुए कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला है। हसीना की यह टिप्पणी इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बांग्लादेश के विदेश मंत्री द्वारा हाल ही में अपनी भारत यात्रा रद्द कर दिये जाने के बाद दोनों देशों के संबंधों को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगायी जाने लगी थीं। कुछ समय पूर्व बांग्लादेश के एक मंत्री ने तल्ख लहजे में भारतीयों के भी रोजगार आदि के लिए बांग्लादेश आने पर टिप्पणी की थी। इस सबको भारत में बांग्लादेशी शरणार्थियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी तथा एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून से जोड़कर देखा-दिखाया जा रहा था, लेकिन हसीना ने दो टूक शब्दों में ऐसी अटकलों पर विराम लगा दिया है। ध्यान रहे कि हसीना से पहले अफगानिस्तान ने भी नागरिकता संशोधन कानून मुद्दे को तूल देने से इनकार कर दिया था। बांग्लादेश और अफगानिस्तान का यह रुख भारत के लिए इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि वे न सिर्फ पड़ोसी देश हैं, बल्कि उन देशों में भी शामिल हैं, जिनके उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने के लिए कानून में संशोधन किया गया है। ऐसे में भारत के नागरिकता संशोधन कानून पर प्रलाप करने वाले देशों में पाकिस्तान ही प्रमुख रह गया है, जिसकी भारत विरोधी ग्रंथि जगजाहिर है और विश्वसनीयता शून्य। पाकिस्तान में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों का जैसा उत्पीड़न किया जाता है, वह भी किसी से छिपा नहीं है। बांग्लादेश और अफगानिस्तान के सकारात्मक रुख के बाद इस मुद्दे पर कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की स्थिति बेहतर हुई है, लेकिन घरेलू मोर्चे पर मुश्किलें कम होती नहीं दिख रहीं।

केरल इस नागरिकता संशोधन कानून को चुनौती देने सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है तो पंजाब विधानसभा ने इसके विरुद्ध बाकायदा प्रस्ताव ही पारित कर दिया है। कांग्रेस शासित एक और राज्य राजस्थान की सरकार भी विधानसभा में ऐसा ही प्रस्ताव पारित करने का इरादा जता रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सरकारें इसे अपने यहां लागू करने से इनकार कर रही हैं। यह स्थिति तब है, जब कानून के जानकार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल साफ कह रहे हैं कि इस केंद्रीय कानून को लागू करने से राज्य इनकार नहीं कर सकते। एक अन्य कांग्रेसी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने भी राज्यों द्वारा केंद्रीय कानून लागू कर सकने की संवैधानिकता पर संदेह जताया है। इसके बावजूद दलगत आधार पर इस नये नागरिकता कानून के समर्थन और विरोध में मोर्चाबंदी जारी है, जो अच्छी स्थिति का संकेत हरगिज नहीं है।

# टीम इंडिया ने लिया विश्व कप की हार का बदला, राहुल, अय्यर के अर्धशतकों से जीता भारत



**आकलैंड।** लोकेश राहुल और मैन ऑफ द मैच श्रेयस अय्यर की तूफानी पारियों के दम पर भारत ने शुक्रवार को ईडन पार्क मैदान पर खेले गए पहले टी-20 मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर अपने इस लम्बे दौरे का शानदार आगाज किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉस टेलर (नाबाद 54), कोलिन मुनरो (59) और केन विलियम्सन (51) की बेहतरीन पारियों के कारण 20 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 203 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य को भारत ने 19 ओवरों में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

राहुल ने 27 गेंदों की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 56 रन बनाए। उन्होंने विराट कोहली (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी की। लेकिन जब ये दोनों आउट हो गए तब भारत को जीत दिलाने की जिम्मेदारी अय्यर ने ली और 29 गेंदों पर पांच चौकों तथा तीन छक्कों की मदद से तेज तर्रार नाबाद 58 रनों की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। यह भारत की टी-20 में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वो श्रीलंका और विंडीज को इससे ज्यादा रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए हरा चुकी है।

इससे पहले ओपनर कॉलिन मुनरो (59), कप्तान केन विलियम्सन (51) और रॉस टेलर (नाबाद 54) के शानदार अर्धशतकों से न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को पांच विकेट पर 203 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 80 रन की शानदार शुरुआत की। मार्टिन गुप्टिल ने 19 गेंदों पर 30 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। मुनरो 42 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों के सहारे 59 रन बनाकर टीम के 116 के स्कोर पर आउट हुए। कॉलिन डी ग्रैंडहोम खाता खोले बिना आउट हो गए। गुप्तिल को शिवम दुबे ने, मुनरो को शार्दुल ठाकुर ने और ग्रैंडहोम को रवींद्र जडेजा ने आउट किया। मेजबान टीम के तीन विकेट मात्र 117 रन पर गिर गए थे लेकिन विलियम्सन ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया। कीवी कप्तान ने टेलर के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

## टाटा ने अल्ट्रोज पेश की, शुरुआती कीमत 5.29 लाख रुपये

**जयपुर (आरएनएस)।** प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी बीएस- छह मानक वाली नयी कार अल्ट्रोज यहां पेश की जिसकी शुरुआती कीमत 5.29 लाख रुपये है।कंपनी के मुख्य तकनीकी अधिकारी राजेंद्र पेटकर ने संवाददाताओं को बताया कि अल्ट्रोज बीएस छह उत्सर्जन मानक के लिए तैयार अपनी तरह की पहली डीजल हैचबैक है। कंपनी ने इस कार के जरिए प्रीमियम हैचबैक खंड में कदम रखा है।उन्होंने कहा कि टाटा अपने वाहनों में सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और अल्ट्रोज को जीएनसीएपी से फाइव स्टार रेटिंग मिली है और यह अपनी श्रेणी की सबसे सुरक्षित कार आंकी गयी है।अल्ट्रोज के पेट्रोल संस्करण की शुरुआती कीमत 5.29 लाख रुपये व डीजल संस्करण की शुरुआती कीमत 6.99 लाख रुपये है।

## सेंसेक्स, निफ्टी में मजबूती के साथ कारोबार




**मुंबइ (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत शुक्रवार को नरमी के साथ हुई, लेकिन लिवाली बढ़ने से बाजार संभला और प्रमुख शेयर संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 41,500 तक उछला जबकि निफ्टी 12,200 के ऊपर तक चढ़ा। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सत्र के आरंभिक घंटे के दौरान हरे निशान के साथ कारोबार चल रहा था। सेंसेक्स सुबह 9.54 बजे पिछले सत्र से 51.35 अंकों की बढ़त के साथ 41,437.75 पर कारोबार कर रहा था और निफ्टी भी 23.15 अंकों की बढ़त के साथ 12,203.50 पर बना हुआ था। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इससे पहले मामूली गिरावट के साथ 41,377.04 पर खुला और 41,500.11 तक उछला। इस दौरान सेंसेक्स का निचला स्तर 41,275.60 रहा जबकि पिछले सत्र में सेंसेक्स 41,386.40 पर बंद हुआ था।

## नरम वैश्विक संकेतों से चांदी का वायदा भाव लुढ़का

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** कमजोर वैश्विक रुख के साथ प्रतिभागियों के सौदे घटाने से शुक्रवार को वायदा कारोबार में चांदी 178 रुपये फिसलकर 46,202 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च महीने में डिलिवरी वाली चांदी 178 रुपये यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 46,202 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। इसमें 2,435 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, मई डिलिवरी वाली चांदी 107 रुपये यानी 0.23 प्रतिशत घटकर 46,748 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। इसमें 47 लॉट का कारोबार हुआ।

## वोज्नियाकी ने तीसरे दौर में हार के साथ टेनिस से विदा ली



**मेलबन।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में मिली हार के साथ अश्रुपूरित नेत्रों से टेनिस को अलविदा कह दिया। वोज्नियाकी ने दिसंबर में ही कह दिया था कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा । उन्हें ट्यूनीशिया की ओंस जाबुर ने 7 . 5, 3 . 6, 7 . 5 से हराया। इसके साथ ही उनके सुनहरे कैरियर का अंत हो गया जिसमें उन्होंने 30 डब्ल्यूटीए खिताब जीते। उन्होंने एकमात्र ग्रैंडस्लैम 2018 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता था । विश्व रैंकिंग में 78वें स्थान पर काबिज जाबुर से मिली हार के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक सकी । मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उनकी आंखें लाल और सूजी हुई थी। उन्होंने मजाक में कहा मैने फोरहैंड पर गलती के साथ अपना कैरियर खत्म किया। मैं अपने पूरे कैरियर में इन चीजों पर मेहनत करती रही हूं ।

## मैक्सिको, कनाडा के साथ नये व्यापार समझौते पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर करेंगे ट्रंप



**वाशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैक्सिको और कनाडा के साथ नये उत्तरी अमेरिकी व्यापार समझौते पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर करेंगे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा ने कई सालों की बातचीत के बाद यह समझौता किया है। यह समझौता 1994 में हुए उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता की जगह लेगा। अमेरिका की सीनेट ने इस नये समझौते को पिछले सप्ताह मंजूरी दी। अधिकारी ने बताया कि ट्रंप इस समझौते पर अगले सप्ताह बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। नये समझौते में वाहनों के विनिर्माण, मैक्सिको में वाहन क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के वेतन, ई-वाणिज्य, बौद्धिक संपदा अधिकार, निवेशकों के लिये विवाद समाधान व्यवस्था आदि को लेकर नये प्रावधान किये गये हैं।

## लाहिड़ी संयुक्त 119वें स्थान पर

**सैन डिएगो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी फार्मर्स इंश्योरेंस ओपन गोल्फ के पहले दौर के बाद संयुक्त 119वें स्थान पर रहे । उन्होंने 14वें से 17वें स्ट्रेच पर तीन बार बोगी और एक डबलबोगी किया । उनका स्कोर तीन ओवर 75 रहा । टाइगर वुड्स ने रिकार्ड 83वें पीजीए टूर खिताब की ओर कदम बढाते हुए शुरूआती दौर में 2011 के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन अंडर 69 का स्कोर किया और वह संयुक्त 21वें स्थान पर हैं ।

## मारुति सुजुकी ने शुरू किया कॉम्पैक्ट एस-प्रेसो का निर्यात



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** कार बनाने वाली सबसे बड़ी घरेलू कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने नये कॉम्पैक्ट कार एस-प्रेसो का निर्यात शुरू कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार के लिये वाहन की खेप रवाना हो गयी है। इस वाहन का विचार तथा डिजायन स्वदेशी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी केनिचि आयुकावा ने कहा, ''एस-प्रेसो मेक इन इंडिया का वास्तविक प्रतीक है। यह कार स्थानीय के साथ ही वैश्विक उपभोक्ताओं को डिजायन, प्रौद्योगिकी व सुरक्षा के स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मुहैया कराने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुकूल है।'' उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में उपभोक्ताओं ने इस कार को खूब सराहा है। उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी उपभोक्ता इसे पसंद करेंगे।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज का दिन आपके रूके हुए कार्यों के लिए प्रगतिदायी रहेगा।

**वृषभः** कामकाजी लोगों को आर्थिक लाभ का योग है। यदि आप नौकरी करते हैं तो रूकी हुई प्रमोशन का अवसर मिल सकता है।

**मिथुनः** शनि और केतु की सप्तम भाव में युति चल रही है। इससे रक्त से संबंधित संक्रमण होने की आशंका बनी रहेगी।

**कर्कः** आज परिवार में आर्थिक रूप से उतार चढ़ाव रहने वाला है। कड़ी मेहनत और बाजार के समर्थन से घर के मुखिया को बड़ी धन राशि प्राप्त होने का योग बन रहा है।

**सिंहः** आज का दिन आर्थिक रूप से सामान्य रहेगा। अधिकारियों का सहयोग और बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके लाभ का कारण बनेगा।

**कन्याः** आज के दिन आप अपने शत्रुओं से सावधान रहें। आय और व्यय से संबंधित मसलों पर विवाद हो सकता है।

**तुलाः** आज परिवार में हर्ष आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। परिवार के सभी सदस्य आपकी प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन बिगड़े हुए संबंधो के सामान्य होने का दिन है। सभी चीज सामान्य रूप से कार्य करने लगेंगी।

**धनुः** आज कुछ संदिग्ध मामलों से परेशानी हो सकती है। किसी प्रिय व्यक्ति द्वारा विश्वासघात करने से परस्थितियां विपरीत बनेंगी।


**मकरः** आज का दिन प्रेम संबंधो के लिए अच्छा है। इस समय माता-पिता और सास-ससुर के संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभः** आज आप अपने रिश्तों के प्रति पूर्ण ईमानदारी और समर्पण का भाव रखेंगे।

**मीनः** व्यस्तता के कारण जीवनसाथी के साथ कम समय बिताना पड़ेगा।

## लक्ष्मी बम के सेट पर इस अंदाज में दिखे अक्षय कुमार

» गले में मोटी चेन और साथ में कियारा...



भई, अक्षय कुमार का तो जवाब ही नहीं। उनकी एक फिल्म पूरी होकर रिलीज होती नहीं है कि वह अगली फिल्म में बिजी हो जाते हैं। अब देखिए न, कुछ दिनों पहले अक्षय की गुड न्यूज रिलीज हुई थी, जिसमें उनकी जोड़ी भले ही करीना कपूर खान के साथ थी, लेकिन साथ में कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ भी थे। उस फिल्म के बाद अक्षय आराम करने के बजाय लक्ष्मी बम की तैयारी कर रहे हैं।

लक्ष्मी बम में अक्षय के ऑपोजिट कियारा नजर आएंगी और दोनों ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। दोनों हाल ही में एक गाने के शूट के लिए दुबई गए थे। वहां से कियारा और अक्षय शायद लौट भी आए होंगे, लेकिन इंटरनेट पर अभी भी उनकी तस्वीरें और सॉन्ग शूट का विडियो धमाल मचा रहा है।

इन तस्वीरों में अक्षय का लुक चर्चा बटोर रहा है। वह गले में मोटी चेन और फ्रेंच कट शेव में नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों ने फैन्स की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। बात करें लक्ष्मी बम की तो यह एक हॉरर कॉमिडी है, जिसे ऐक्टर, कोरियोग्राफर और डायरेक्टर राघव लॉरेंस डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय एक किन्नर के रोल में नजर आएंगे। वहीं इस फिल्म के अलावा अक्षय के पास कई और फिल्में हैं, जिनमें सूर्यवंशी, बच्चन पांडे, बेल बॉटम और पृथ्वीराज चौहान की बायॉपिक में नजर आएंगे। कुल मिलाकर, हर साल की तरह 2020 भी अक्षय के लिए काफी बिजी रहने वाला है।

## मई में हो सकती है वरुण धवन और नताशा की शादी!



बॉलिवुड के चार्मिंग स्टार वरुण धवन और उनकी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल पिछले काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दिनों तो बॉलिवुड के लगभग हर इवेंट में दोनों साथ नजर आते हैं। पिछले दिनों वरुण अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की इच्छा भी जता चुके हैं और काफी वक्त से इनकी शादी की चर्चा चल रही है।

सूत्रों के मुताबिक इस साल की गर्मियों में दोनों शादी की प्लानिंग बना रहे हैं। एक सोर्स ने बताया, वरुण और नताशा इस साल मई में शादी करने की प्लानिंग बना रहे हैं। यह एक ग्रैंड वेडिंग होगी जो कि पूरे सप्ताह चलेगी। इसमें मेहंदी, संगीत और रिसेप्शन शामिल होगा। जहां तक संभावनाएं हैं, यह शादी गोवा के किसी बीच रिसॉर्ट या आलीशान होटल में होगी। कुछ बड़े सितारों को भी इन दोनों की शादी में शरीक होने के लिए अपनी डेट्स रिजर्व करने के लिए कहा गया है। हालांकि वरुण और नताशा का परिवार इन डेट्स को काफी सीक्रेट रख रहे हैं। हालांकि इसमें बॉलिवुड की शादियों की तरह काफी बैंड-बाजा और धूम धड़ाका शामिल होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि वरुण की शादी में सिद्धार्थ मल्होत्रा, जॉन अब्राहम, करण जौहर, अनिल कपूर, बोनी कपूर, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, सलमान खान सहित तमाम अन्य सितारे शामिल हो सकते हैं। 1 मई को ही वरुण धवन की कुली नंबर 1 भी रिलीज होगी।

## हर किसी को भाएगा ये पिज्जा, जब ऐसे बनाएंगे इसे



**सामग्री :-**

पिज्जा बेस- 1,
पिज्जा सॉस- 50 ग्राम,
मोजरैला चीज़- 110 ग्राम,
ऑलिव ऑयल- 5 ग्राम,
हरी शिमला मिर्च- 60 ग्राम,
गाजर- 60 ग्राम,
ऑलिव ऑयल- 5 ग्राम

**विधि :-**

पिज्जा पर टमैटो सॉस और मोजरैला चीज़ फैलाएं। अब इसके ऊपर हल्के रोस्ट किए हुए गाजर, ब्लैक ऑलिव्स और हरी शिमला मिर्च की टॉपिंग करें।4-5 मिनट तक ओवन में पकाएंगे।जब कलर हल्का गोल्डेन हो जाए तो बाहर निकालकर गरमा-गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 14

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 14

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |